प्रमुख घटना और उपलब्धि

(दिसंबर 2020)

1. फ्लैगशिप कार्यक्रम की प्रगति:

1.1 लगभग 1,04,000 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदन प्रदान किया गया है। वित्त वर्ष 2020-21 तक 70,000 के लक्ष्य की तुलना में इनमें से 52,609 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र को 29 दिसम्बर, 2020 तक प्रचालनात्मक बनाया गया है।

2. कोविड-19 टीका प्रारंभ करना:

2.1 राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण विशेषज्ञ समूह (एनईजीवीएसी) की तीन बैठकें दिसम्बर में (3 दिसम्बर, 2020, 12 दिसम्बर, 2020 और 24 दिसम्बर, 2020 को) आयोजित की गई इन बैठकों की अध्यक्षता डॉ. वी के पॉल सदस्य (स्वास्थ्य), नीति आयोग ने और सह-अध्यक्षता सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) ने की।

2.2 कोविड-19 वैक्सीन प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया:

- लक्षित श्रोताओं, प्रशिक्षण तंत्र, प्रशिक्षण-मंचों विषयक संकल्पना नोट को अनुमोदित कर दिया गया है। जिसके आधार पर प्रशासकों, राष्ट्रीय टीओटी, राज्य टीओटी, जिला टीओटी, वैकल्पिक वैक्सीनेटर (जिला स्तरीय) के ओरिएंटेशन वैक्सीनेटर प्रशिक्षण (उप-जिला स्तरीय और सामाजिक मोबीलाइजेशन (उप-जिला स्तरीय) हेतु प्रशिक्षण मैट्रिक्स, समय-सीमा प्रशिक्षण कार्य-सूची तैयार की गई हैं और प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।
- सभी स्तरों पर संसाधन व्यक्तियों सहित उपलब्ध प्रशिक्षण मंचों वाले संस्थानों की मैपिंग तैयार कर ली गई है।

2.3 टीकों और टीकाकरण पर निगरानी रखने हेतु कोविन सॉफ्टवेयर मॉड्यूल विकास के अंतिम चरण में है।

3. वैधानिक एवं विनियामक उपाय:

3.1 सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों पर प्रसारित/वेबकास्ट की गई सामग्रियों में तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन के निषेध और तंबाकू उत्पादों के उपयोग के चित्रों के चित्रण के विनियमन के लिए सीओटीपीए, 2003 (विज्ञापनों का निषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, आपूर्ति तथा वितरण विनियमक अधिनियम, 2003) और उसके नियमों के कार्यान्वयन का अनुरोध किया गया है।

3.2 डीपीसीओ के अंतर्गत रक्त और रक्त घटकों के प्रोसेसिंग प्रभारों को शामिल करना औषधि मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 का संशोधन राष्ट्रीय भेषज मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) में लंबित है।

4. विविध:

4.1 राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें दौर (एनएफएचएस-5) के कार्यकलाप चल रहे हैं। देश के 707 जिलों के लिए राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर के अनुमानों पर आकलन करने के प्रयासों वाले सर्वेक्षण के कार्य क्षेत्रों (मार्च, 2017 को) ध्यान में रखते हुए 6.09 लाख परिवारों के आकलित नमूनों में सर्वेक्षण किया जा रहा है। एनएफएचएस-5 के अंतर्गत, परिवार कल्याण, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, प्रजनन, कई संचारी और गैर-संचारी रोगों आदि मुख्य क्षेत्रों पर सूचना एकत्र की जा रही है।

4.2 माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 को एक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 7वें राष्ट्रीय बेहतर, अनुकरणीय नवाचारी परिपाटी शिखर सम्मेलन का डिजिटल ढंग से उद्घाटन किया। इस समारोह में माननीय केन्द्रीय मंत्री ने नई स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) 2.0 की भी शुरूआत की।

4.3 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने एपीआई के माध्यम से सार्वजनिक डोमेन में डेटा प्रदानगी के लिए ओपन डेटा चैंपियनशिप श्रेणी के अंतर्गत प्रतिष्ठित डिजिटल इंडिया अवार्ड 2020 जीता है।

4.4 राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिबाधिता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिबाधिता सर्वेक्षण (2015-19) के निष्कर्षों के अनुसार दृष्टिहीनता (दृश्य तीक्ष्णता <3/60) 0.68 प्रतिशत (2007) से कम होकर 0.36 प्रतिशत (2019) हो गई है।

4.5 विश्व एड्स दिवस, 2020 को मनाने के लिए दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 को एक राष्ट्र स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्री अश्विनी कुमार चौबे, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार, सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, अपर सचिव एवं महानिदेशक, नाको, संयुक्त सचिव, नाको, डॉ. रोडरिको एच ऑफरीन, भारत में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि, डॉ. बिलाली कैमरा, कंट्री डायरेक्टर, यूनिएड्स की वर्चुअल उपस्थिति द्वारा कार्यक्रम को सुशोभित किया गया। 70, 000 से अधिक प्रतिभागियों ने वर्चुअल कार्यक्रम में हिस्सा लिया जिसमें विकास साझेदार, एसएसीएस अधिकारी, सिविल सोसायटी, एनजीओ, सेवा केन्द्र स्टॉफ, सामुदायिक सदस्य आदि शामिल थे।

4.6 मंत्रालय सोशल मीडिया की क्षमता का लाभ उठा रहा है। इसके ट्विटर हैंडल पर 2.1 मिलियन से भी अधिक फोलोवर्स हैं। इसके यू ट्यूब चैनल पर नए वीडियो हैं जो इन्हें देखने के ग्राफ के साथ नियमित रूप से ऊपर होते रहते है। इसे 1.45 मिलियन से भी अधिक बार देखा जा चुका है। वेबसाइट को नियमित अंतराल पर अद्यतन किया जाता है और यह अब मंत्रालय की पहलों के बारे में सूचना के लिए एक उपयोगी संसाधन है।

4.7 दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 को भारत में जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली में बेहतर, अनुकरणीय परिपटियों तथा नवाचार संबंधी 7वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य और कल्याण मंत्री ने एबी-एचडब्ल्यूसी पर टीबी सेवाओं संबंधी परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए।

4.8 माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने भारत-स्वीडन स्वास्थ्य परिचर्या नवाचार केन्द्र के एक वर्ष पूरा होने का उत्सव मनाने के लिए वर्चुअल कार्यक्रम में भाग लिया और दिनांक 2 दिसम्बर, 2020 को नवाचार संबंधी चुनौती के विजेताओं की घोषणा भी की।

4.9 स्वास्थ्य और औषधि के क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए दिनांक 21.12.2020 को भारतीय गणराज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच एक करार पर हस्ताक्षर किए गए।

****